# अयोध्या सारी चमका दो मेरे श्री राम आएंगे | by Ashok Sharma (Shauq)

अयोध्या सारी चमका दो मेरे श्री राम आएंगे
गली कूचो को महका दो मेरे श्री राम आएंगे

जो खुशकिस्मत हैं वो सारे नज़ारा खूब देखंगे
बड़ा सुन्दर बड़ा पावन समा प्यारा वो देखेंगे
खबर सब तक ये पहुंचा दो मेरे श्री राम आएंगे
अयोध्या सारी चमका दो मेरे श्री राम आएंगे

बुझेगी प्यास नैनो की दरश रघुवर के कर करके
बात जो ना ख़तम होगा निहारेंगे जी भर भर के
ढिंढोरा खूब पिटवा दो मेरे श्री राम आएंगे
अयोध्या सारी चमका दो मेरे श्री राम आएंगे

बड़े दिन रह लिए ऐसे हमारे ह्रदय के प्यारे
भव्य मंदिर में आएंगे अब तो राम लला न्यारे
करोडो दीप जलवा दो मेरे श्री राम आएंगे
अयोध्या सारी चमका दो मेरे श्री राम आएंगे

अयोध्या की धरा पावन पवित्र सरयू बहती है
धाम का शौक़ आज यहाँ फ़िज़ाएं बस ये कहती हैं
जहाँ में भगवा फेहरा दो मेरे श्री राम आएंगे
अयोध्या सारी चमका दो मेरे श्री राम आएंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%af%e0%a5%8b%e0%a4%a7%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9a%e0%a4%ae%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87/